दैनिक भास्कर 22/08/2024

जीएमएन कॉलेज में स्टार्टअप पर कार्यक्रम किया

अम्बाला | जीएमएन कॉलेज कैंट में एंटरप्रेन्योरशिप क्लब और आईडीसी ने उभरते उद्यमियों के अनुभव को साझा करके स्टार्टअप पर कार्यक्रम किया। रिसोर्स पर्सन के रूप में पीयूष शामिल रहे, जिन्होंने छात्रों के बीच अनुभव साझा किया। पीयूष पापड़ निर्माण फर्म चला रहे हैं। पीयूष ने कहा कि यह कार्यक्रम एक परिवर्तनकारी पहल होगी, जिसका उद्देश्य कम उम्र में छात्रों में उद्यमशीलता कौशल विकसित करना है। छात्रों ने सेमिनार में प्रासंगिक प्रश्न पूछे। मौके पर संयोजक असिस्टेंट प्रो. नीलम, राममूर्ति, डॉ. सुषमा शर्मा, डॉ. सुमन और डॉ. पिंकी शामिल रहीं।